विज्ञान कथा

# 14 इक्कीसवीं सदी का करिश्मा

**पठन से पूर्व**

...का मानव यंत्रवत् हो गया है। उसने अपनी ... के लिए तरह-तरह की मशीनों का निर्माण ... है। कभी-कभी उन मशीनों एवं उपकरणों की ... से चोरी, डकैती, अपहरण आदि वारदातें ... जाता है। दुनिया भर में आज कितने ही अपराध ... की सहायता से होने लगे हैं। यह मानव समाज ... लिए चिंता का विषय है।

**पाठ-परिचय**

इस कथा में विज्ञान का दुरुपयोग करके चोरी करने की घटना को प्रकाश में लाया गया है। शरद ने अपने घर के काम-काज तथा पहरेदारी के लिए एक रोबोट को नियुक्त किया था। उमाशंकर नाम का एक व्यक्ति शरद के रोबोट को संचालित करके उसके घर की कीमती चीज़ें चोरी करवाता था। एक दिन उसका भंडाफोड़ हो गया।

**चर्चा करें**

बच्चों से पूछें-क्या उन्होंने रोबोट का नाम सुना है? इसे यंत्र-मानव भी कहते हैं। इसका उपयोग दुकानों, घरों, शॉपिंग मॉल्स तथा अन्य स्थानों में किया जाता है। वैज्ञानिक यंत्रों के उपयोग या दुरुपयोग के बारे में चर्चा करें। हमारे जीवन पर इन यंत्रों के प्रभाव बताएँ।

पिछले कई दिनों से शरद परेशान था। उसके यहाँ से कीमती चीज़ें गायब हो रही थीं। कभी मिनी टीवी, कभी लैपटॉप तो कभी घड़ी। और भी न जाने क्या-क्या गायब हुआ था। बीसवीं सदी की तरह घर में कोई अनजान आदमी भी नहीं आया था, जिस पर शक किया जा सके। सारा काम तो रोबोट किया करते थे। यहाँ तक कि घर की पहरेदारी का काम भी रोबोट के ही सुपुर्द था। फिर भी लगातार चोरियाँ हो रही थीं। शरद ने मन ही मन सोचा कि कहीं रोबोट नियंत्रण-कक्ष में स्थित रोबोट-नियंत्रक में तो कमी नहीं आ गई। लेकिन अगले ही पल उसने सोचा कि यदि ऐसा होता तो रोबोट का काम करने का ढंग और उसका व्यवहार तुरंत बदल जाता। लेकिन वह तो पहले जैसा ही काम कर रहा था। तब उसने निश्चय किया कि मैं एक दिन रोबोट सहित पूरे घर की निगरानी करूँगा।

रविवार की सुबह से ही उसने रोबोट सहित सारे घर की निगरानी करनी शुरू कर दी। धीरे-धीरे शाम और फिर रात घिर आई। लेकिन कहीं कोई गड़बड़ नहीं दिखाई दी। शरद को निराशा के साथ खीज भी होने लगी थी। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी और रातभर चौकीदारी करने का दृढ़ निश्चय कर लिया।

रात के लगभग एक बज चुके थे। शरद को अब नींद सताने लगी थी, लेकिन वह नींद को किसी तरह भगाने की कोशिश कर रहा था। रोज़ की तरह ही रोबोट दरवाज़े के पास अपनी जगह पर चुपचाप खड़ा था। शरद की आँखें जब नींद से बोझिल होने लगीं, तो उसने सोचा जाकर मुँह धो आए। उसने आगे की ओर कदम बढ़ाए ही थे कि अचानक उसने देखा, रोबोट अपने स्थान से धीरे-धीरे सरककर उसके



सिखा दिया।

## शब्दार्थ

सदी = सौ साल का समय, शताब्दी (century)

सुपुर्द = सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ (handed over)

नियंत्रण-कक्ष = वह कमरा जहाँ से वस्तुओं के काम पर निगरानी अथवा रोक लगाई जाए (control room)

नियंत्रक = नियंत्रण करने वाला (controller)

निगरानी = देखरेख, निरीक्षण (inspection)

खीज = झुँझलाहट, गुस्सा (anger)

दृढ़ निश्चय = पक्का इरादा (firm determination)

बोझिल = भारी (heavy)

दबे कदमों से = चुपके से (silently)

कारस्तानी = चालबाज़ी (works done with evil intention)

नियत = तय किया हुआ (fixed, decided)

भंडाफोड़ = भेद खुलना (disclosure of a secret)

आकर्षक = दूसरों का मन अथवा ध्यान अपनी ओर खींचने वाला (attractive)

बुद्धिमत्ता = समझदारी, बुद्धिमानी (intellegence)

## मुहावरे

चेहरे पर हवाइयाँ उड़ना = घबरा जाना

उड़न छू होना = गायब होना

**प्रश्नों के सही उत्तर पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

(क) यह कहानी किस सदी की है?

(i) उन्नीसवीं ☐ (ii) बीसवीं ☐ (iii) इक्कीसवीं ☑

(ख) शरद के घर की पहरेदारी का काम कौन करता था?

(i) शरद स्वयं ☐ (ii) रोबोट ☑ (iii) पहरेदार ☐

(ग) क्या रोबोट नियंत्रण-कक्ष में रोबोट-नियंत्रक में कोई कमी आई थी?

(i) हाँ ☑ (ii) नहीं ☐ (iii) पता नहीं ☐

(घ) रोबोट उसके कमरे से क्या चीज़ लेकर बाहर गया?

(i) टीवी ☐ (ii) कैमरायुक्त पेन ☐ (iii) टीवीयुक्त पेन ☑

(ङ) शरद का रोबोट उसका कैलकुलेटर लेकर कहाँ जा पहुँचा?
  (i) उमाशंकर के नियंत्रण-कक्ष में
  (ii) बाज़ार में
  (iii) शरद के ड्राइंग रूम में

3. **सही कथनों के आगे सही ( ✓ ) का और गलत कथन के आगे गलत ( × ) का चिह्न** ...

(क) शरद के घर से कीमती चीजें गायब हो रही थीं।

(ख) शरद ने रोबोट नियंत्रण-कक्ष में कुछ गड़बड़ देखा।

(ग) चोरी की घटना की खबर पुलिस को दी गई, पर पुलिस नहीं आई।

(घ) उमाशंकर मुसकराते हुए इंस्पेक्टर से उसके घर की तलाशी का कारण पूछने लगा।

(ङ) रोबोट द्वारा चोरी करवाने के आरोप में उमाशंकर के हाथों में हथकड़ियाँ पहना दी गईं।

## शब्द-कौशल

Vocab...

1. **नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।**

घर - गृह भवन | अचानक - सहसा एकाएक
नौकर - सेवक दास | शाम - सांय संध्या

2. **विलोम शब्द लिखिए।**

प्रशंसा × निंदा | आकर्षक × अनाकर्षक
आशा × निराशा | विश्वास × अविश्वास
उच्च × निम्न | कीमती × सस्ती

3. **इस कहानी में से पाँच विदेशी शब्द छाँटकर लिखिए।**

## भाषा-कौशल

Language-S...

1. आप जानते हैं कि संज्ञा के स्थान पर आने वाले शब्द को **सर्वनाम** कहते हैं। जैसे-
   • पिछले कई दिनों से **शरद** परेशान था।
   • **उसके** यहाँ से कीमती चीजें गायब हो रही थीं।

पहले वाक्य में '**शरद**' व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द है। दूसरे वाक्य में '**उसके**' सर्वमान का प्रयोग शरद ... हुआ है।

**नीचे दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्दों को छाँटिए और फिर लिखिए कि वे शब्द किसके ... प्रयुक्त हुए हैं।**

(क) लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी ...

Page

## पाठ-14 इक्कीसवीं सदी का करिश्मा

### प्रश्नों के उत्तर (मौखिक और लिखित)

प्रश्न-1 शरद कई दिनों से परेशान क्यों था?
उत्तर→ कई दिनों से शरद के यहाँ का कीमती सामान चोरी जा रहा था, इसलिए वो परेशान था।

प्रश्न-2 चोरियाँ कौन करता था?
उत्तर शरद के रोबोट की सहायता से उमाशंकर चोरियाँ करता था।

प्रश्न3 चौकीदारी करने पर शरद को क्या मिला?
उत्तर चौकीदारी करने पर शरद को अपने रोबोट मे गड़बड़ी मिली. और उसका टीवी युक्त पेन मिला।

प्र०4→ रोबोट के किस भाग में गड़बड़ हो गई थी?
उत्तर रोबोट के रोबोट-नियंत्रक भाग में गड़बड़ी हो गई थी।

प्र०5 उमाशंकर क्या काम करता था?
उत्तर उमाशंकर रोबोट-नियंत्रक ठीक करने का काम करते थे।

प्र०6- उमाशंकर के चेहरे पर हवाइयाँ क्यों उड़ने लगी?
उत्तर- उमाशंकर ने जो शरद के रोबोट मे गड़बड़ी की थी उसका पता जब इंस्पेक्टर को लगा तो उसके चेहरे पर हवाइयाँ उड़ने लगी।

प्र०7 उमाशँकर के मन में लालच क्यों आ गया था?
उत्तर शरद के यहां की के कीमती और आकर्षक सामान को देखकर उमाशंकर के मन में लालच आ गया था।

प्रश्न8 शरद ने ऐसा क्या किया कि उमाशंकर का भंडा फोड़ हो गया?

उत्तर शरद की निगरानी उमाशंकर के घर के रोबोट नियंत्रक कक्ष में, कोने में लगे एक बटन पर पड़ी और उस बटन को दबाते ही लाल रंग के दो बल्ब जलने-बुझने लगे और उसके बाद ही उसका भंडा फोड़ हो गया।

प्रश्न-9 दिन में शरद का रोबोट ठीक से क्यों काम करता था?
उत्तर दिन में शरद का रोबोट ठीक से काम इसलिए करता था, क्योंकि उमाशंकर उच्चशक्ति वाला नियंत्रक दिन में नहीं चलाता था।

प्रश्न-10 शरद के घर के सारे काम-काज कौन करता था?
उत्तर शरद के घर के सारे कामकाज रोबोट करता था।

प्रश्न-11 शरद की परेशानी का कारण क्या था? उसने क्या करने का निश्चय किया?
उत्तर- शरद के घर से कीमती चीजे गायब हो रही थी इसकारण उसने रोबोट सहित पूरे घर की निगरानी करने का निश्चय किया।

प्रश्न-12 आधी रात को अचानक क्या हुआ?
उत्तर आधी रात को रोबोट अपने स्थान से धीरे-धीरे सरककर उसके कमरे की ओर बढ़ रहा था यह देखकर आश्चर्य हुआ।

प्रश्न-13 आधी रात को रोबोट ने क्या किया?
उत्तर आधी रात को रोबोट ने मेज़ पर से टी.वी युक्त पेन उठाया।

प्रश्न-14 पुलिस ने अगले दिन उमाशंकर के घर की तलाशी क्यों ली?
उत्तर- जब शरद ने अपने इंस्पेक्टर चाचा को अपने घर में घटी हुई घटना को बताया तो उन्होंने उमाशंकर के घर की तलाशी ली।

प्रश्न-15 उमाशंकर ने शरद के रोबोट को अपने वश में कैसे कर लिया था?
उत्तर- उमाशंकर ने शरद के रोबोट की शक्ति को कम करके उसे अपने वश में कर लिया था।